Reg No: …………………………….
Name: ………………………………

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION FEB 2023

**Part – II** Time: 2 ½ Hours

**HINDI** Cool-off time: 20 Minutes

Maximum: 80 Scores

***उम्मीदवारों केलिए सामान्य निर्देश:***

- लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट को 'कूल ऑफ टाइम' है।
- प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें।
- उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।
- निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न के उत्तर लिखें।

**सूचना:** 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें। (5 x 1 = 5)

1. 'मातृभूमि' कविता के कवि कौन हैं?
   (जयशंकर प्रसाद, डॉ जे बाबू, कुंवर नारायण)
2. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने केलिए लेखक कहाँ गए?
   (पारामारिबो, नागपुर, मॉरिशस)
3. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' किस विधा की रचना है?
   (कहानी, निबंध. आत्मकथांश)
4. गरीब मज़दूरिन का सपना कब टूटता है?
   (बैंक के नोटिस आते समय, मच्छर काटते समय, सपने नहीं टूटते है)
5. कुली के लाल कमीज़ पर क्या टँका था?
   (नंबर, तस्वीर, फूल)

**सूचना:** कवितांश पढ़ें औप 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दीन स्वर में प्रार्थना करती
उसके हाथों में रख दिया
मैंने एक छोटा सिक्का
फूल का दाम।

मेरी ओर बढ़ाते फूल और
उसके मुखड़े दोनों को देखा मैंने
हाय! मुरझा रहे
दो सुरम्य सुकोमल रूप!

6. 'मूल्य' शब्द का समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखें? (1)
   (सिक्का, दाम, छोटा)
7. 'मुरझा रहे दो सुरम्य सुकोमल रूप'- सुरम्य सुकोमल रूप कौन-कौन से हैं? (2)
8. कवितांश का आस्वादन टिप्पणी लिखें। (6)

**सूचना:** 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें। (2 x 2 = 4)

9. रजिस्ट्री के पहले पिताजी ने कौन-सी इच्छा प्रकट की, क्यों?
10. कवि ने मातृभूमि का वर्णन कैसे किया है?

11. सामान उठाते समय कवि के दिमाग में कौन-सा विवेक पैदा हुआ?

12. 'मेरे यहाँ आ जाने के बाद, पता नहीं और क्या-क्या परेशानियाँ शहरवालों पर पड़ी होंगी' -यहाँ शासक का कौन-सा गुण प्रकट होता है?

13. स्कूटरवाले कैसे अपने मन का बादशाह बन गया?

**सूचना:** 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें। (3 x 4 = 12)

14. जीवन-वृत्त पढ़ें और 'कुँवर नारायण' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

| **जीवन-वृत्त** | |
|---|---|
| नाम | : कुँवर नारायण |
| जन्म | : 1927 |
| जम्म स्थान | : फौज़ाबाद, उत्तरप्रदेश |
| रचनाएँ | : चक्रव्यूह, अपने सामने कोई, दूसरा नहीं |
| पुरस्कार | : 2005 में ज्ञानपीठ |

15. हाइकू पढ़ें और आशय लिखें।

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढापा।

16. ये कथन पढ़ें।

- मैं प्यार से उसको मुरकी बुलाती थी कभी बुलाकी।
- मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा।

इन कथनों के आधार पर राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

17. कविता पढ़कर प्रश्न का उत्तर लिखें।

इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत-घर खींचने लगी।

मज़दूरिन किस प्रकार का घर खींचने लगी?

**सूचना:** गद्यांश पढ़ें और 18 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ। शायद यो हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खतम नहीं होगा।

18. हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति कौन है? उनके महत्वाकांक्षा क्या है? (2)

19. गद्यांश का संक्षेपण करें। (6)

**सूचना:** 20 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें। (3 x 6 = 18)

निम्नलिखित कथन पढ़ें।

- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।
- हमारी कब्र परदेस में बनेगी, तय है।

20. कथनों के आधार पर बादशाह के आत्मकथांश तैयार करें।

21. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें।

जबहिं बन मुरली स्रवन ............

चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं।

कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं।

स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं।।

सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करीं।

‘सूरदास’ प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरि।।

22. ‘मशकवाले स्कूटर’ का समाचार अखबार में आता है। वह समाचार तैयार करें।

- राहगीरों को पानी देना।
- भटका हुआ पीर- मन का बादशाह।
- पानी पिलाने से पुण्य मिलना।

23. गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें।

Jawaharlal Nehru was the first Prime Minister of India. He was born in 1889 in Allahabad. His father was Motilal Nehru. His mother was Swarup Rani. He loves children. He died on May 27, 1964.

24. सही मिलान करें। (1 x 8 = 8)

| | |
|---|---|
| Certificate | - वाणिज्य |
| Archaeology | - प्रतिशत |
| Liberalism | - समीकरण |
| Commerce | - विषम संख्या |
| Sociology | - उदारतावाद |
| Percent | - प्रमाणपत्र |
| Equation | - पुरातत्व शास्त्र |
| Odd number | - समाज विज्ञान |

**सूचना:** 25 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें। (2 x 8 = 16)

25. शोले फिल्म के गीत ‘ये दोस्ती’ के बारे में दो छात्रों के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

- दोस्त दिल से एक होते हैं।
- दोस्त एक दूसरे केलिए मरने को भी तैयार हैं।

26. लेखक हिमांशु जोशी, सूरीनाम में हुए विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने का अनुभव अपनी डायरी में लिखते हैं। वह डायरी तैयार करें।

- सूरीनाम में हिंदी का प्रचार
- सम्मेलन का अनुभव
- राष्ट्रपति का भाषण
- गिरमिटिया श्रमिकों की याद

27. टाटा कंपनी ने बिजली से चलानेवाली कार (Electric car) का आविष्कार किया है। उस केलिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- ज़्यादा मैलेज
- कम दाम
- आकर्षक रंगों में उपलब्ध
- चलाने में आसान

**********************